an>

Title: Need to accord approval to the proposals sent by the Government of Karnataka for repair and maintenance of NH-63 and NH-13 in Karnataka-laid.

श्रीमती जे. शांता (बेल्लारी): महोदया, मैं माननीय रोड ट्रंसपोर्ट एण्ड हाई-वे मंत्री का ध्यान कर्नाटक के बेल्लारी क्षेत्र से गुजरने वाली नेशनल हाई-वे-की समस्या की ओर दिलाना चाहती हूं ।

कर्नाटक सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 63 तथा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 13 के विकास तथा मरम्मत के बारे में दो प्रस्ताव केन्द्र को भेजे हैं । लेकिन उन पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है । राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 63 का अंकोला-गूटी सेक्शन जो हॉसपेट से गादीगनूर का स्ट्रेच है तथा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 13 का शोलापुर-मंगलौर सेक्शन जो व्यासानाकेरे से दानानाया कानाकेरे का स्ट्रेच है, बहुत ही बदहाल है और टूटा-फूटा है ।

महोदया, हॉसपेट-बैल्लारी तथा हॉसपेट-बेंगलूरू-मंगलौर को जोड़ने वाली ये सड़कें अनेक खानों, रेलवे लोडिंग यार्डों तथा हैवी-इंडस्ट्रीज के फीडर रोड तथा अप्रोच रोड से जुड़ी हैं । पूरे क्षेत्र में उद्योग तथा माइनिंग एक्टिविटीज के कारण वाहनों की भारी आवाजाही रहती है । इसके चलते हाईवे की स्थिति बहुत ही खराब है । हाल ही में आयी बाढ़ के कारण बेल्लारी जिले की सड़कें बुरी तरह टूट गई हैं । प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं । लोगों को आने-जाने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा भेजे गए दोनों प्रस्तावों पर जल्द कार्यवाही करे और कर्नाटक में राष्ट्रीय राजमार्गों के मरम्मत तथा विकास के काम में तेजी लाए । इसके लिए जल्द से जल्द टेक्निकल, एडमिनिस्ट्रेटिव तथा फाइनेंसियल स्वीकृति प्रदान की जाए ताकि उस क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिल सके ।